कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–3/भौगकृ/भौतिक/स्थानांतरण/2020–21/1–176 दिनांक– 04.01.2021 के तहत् श्री विनोद कुमार गोयल, व्याख्याता (भौतिक विज्ञान) राउमावि हिण्डौन सिटी (करौली) का स्थानांतरण राबाउमावि मण्डरायल (करौली) किया गया। श्री विनोद कुमार गोयल ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में **अपील संख्या 510/2021 श्री विनोद कुमार गोयल बनाम निदेशक, माध्य. शिक्षा, राजस्थान बीकानेर एवं अन्य दायर** की गई।

उक्त अपील में माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर ने अपने निर्णय दिनांक 25.01.2021 में अपीलार्थी श्री विनोद कुमार गोयल को अपने सक्षम अधिकारी के सक्षम एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करने एवं प्रस्तुत अभ्यावेदन को राज्य सरकार व विभाग के दिशा निर्देशो/परिपत्रों/नियमों के परिपेक्ष्य में एक आख्यात्मक आदेश प्रसारित कर निस्तारित करने और ऐसे निस्तारण की सम्यक् सूचना अपीलार्थी को देने के निर्देश प्रदान किये है।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्री विनोद कुमार गोयल ने अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के विकलांग होने एवं स्थानान्तरित स्थान 180 किमी. दूर होने एवं पूर्व पदस्थापित स्थान आदिनांक तक रिक्त होने के आाधर पर अपना पदस्थापन राउमावि हिण्डौन सिटी (करौली) में व्याख्याता भौतिक विज्ञान के रिक्त पद पर किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में एवं राज्य सरकार और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी श्री विनोद कुमार गोयल की विकट परिस्थितियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि हिण्डौन सिटी (करौली) में व्याख्याता भौतिक विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारित किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–3/भौगकृ/अभ्यावेदन/विनोद कुमार गोयल/को.के/20–21 **दिनांकः** 08.02.2021

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय)
4. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्रधानाचार्य
9. कार्मिक श्री विनोद कुमार गोयल, व्याख्याता (भौतिक विज्ञान)
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

D:/17.12.16/desktop/court